कार्यालय जिलाधिकारी अम्बेडकरनगर

पत्रांक- 3567 ई-आफिस / JJM / 2025-26 / 394 दिनाँक-25/09/2025

जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा बैठक की कार्यवृत्ति-

दिनाँक-19/09/2025 को जिलाधिकारी महोदय के द्वारा कार्यालय में जल जीवन के कार्यो का प्रगति की समीक्षा बैठक डी0पी0आर0ओ0 के साथ की गयी है। जिसमें जल निगम (ग्रामीण) के AE/JE,DPMU से DC, दोनों फर्म वेलस्पन, VTL व TPIA के द्वारा प्रतिभाग किया गया।

समीक्षा बैठक में समस्त AE/JE तथा दोनो फर्म वेलस्पन एवं VTL कम्पनी के प्रोजेक्ट मैनेजर को निम्न निर्देश दिए गये-

1. यह कि जनपद के 1566 स्कूल के सापेक्ष 1001 एवं आंगनबाड़ी 2297 के सापेक्ष 1125 केन्द्रो पर गृह संयोजन का कार्य किया गया है तथा अवशेष 565 स्कूल एवं 1172 आंगनबाड़ी केद्रो पर गृह संयोजन का कार्य प्रत्येक दशा में दोनों फर्म के द्वारा मैनपॉवर लगाकर कार्य कराया जाना सुनिश्चित करें।
2. यह कि अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) दोनों फर्म के धनराशि भुगतान हेतु प्रमुख सचिव महोदय को पत्राचार कराने की कार्यवाही सुनिश्चित करें।
3. यह कि VTL की 97 एवं वेलस्पन की 10 यानी कुल 107 पेयजल परियोजना O&M की श्रेणी में घोषित किये जाने हेतु इनीसीएट की गयी है जिसमें अभी तक मात्र 37 पेयजल परियोजनाओं को जिला पंचायत राज अधिकारी के यहा भेजा गया है शेष 70 पेयजल परियोजनाओं में कमी को यथाशीघ्र पूर्ण करके O&M की श्रेणी में लाया जाए। जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया जाता है कि आयुक्त महोदय की बैठक दिनांक-23.09.2025 के पूर्व O&M की श्रेणी में घोषित किये जाने हेतु 15 और पेयजल परियोजनाओं की पत्रावाली प्रस्तुत की जाए।
4. यह कि IGRS पोर्टल पर 251 शिकायते एवं JJM हेल्पलाइन पर 300 शिकायते कुल 551 शिकायतो का निस्तारण लम्बित है। इन्हे प्रत्येक दशा में अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण), समस्त जूनियर इंजीनियर जल निगम के माध्यम से आयुक्त महोदय के बैठक के पूर्व निस्तारण कराना सुनिश्चित करें तथा दिनांक-22.09.2025 को सायंकाल 6 बजे निस्तारण के विवरण पत्र सहित उपस्थिति हो। यह भी निर्देशित किया गया कि जूनियर इंजीनियर जल निगम (ग्रमीण) के द्वारा शिकायतो के निस्तारण की कार्यवाही पूर्ण नहीं कि जाएगी तो उनके विरूद्ध नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

उपरोक्त निर्देश के साथ बैठक की कार्यवाही समाप्त की गयी।

Digitally signed by
ANUPAM SHUKLA
Date: 23-09-2025
11:15:05

जिलाधिकारी/अध्यक्ष
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन
अम्बेडकरनगर

प्रतिलिपि-निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1. अधिशासी निदेशक राज्य पेय जल एवं स्वच्छता मिशन लखनऊ।
2. मुख्य विकास अधिकारी अम्बेडकरनगर।
3. डी0पी0आर0ओ0 अम्बेडकरनगर।
4. अधिशाषी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) अम्बेडकरनगर।
5. समस्त जूनियर इंजीनियर जल निगम (ग्रामीण) को निस्तारण हेतु अनुपालनार्थ।
6. दोनों फर्म वेलस्पन एवं VTL कम्पनी अम्बेडकरनगरको अनुपालनार्थ हेतु प्रेषित।

जिलाधिकारी/अध्यक्ष
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन
अम्बेडकरन

1-GV